गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

coe@ggtu.ac.in

क्रमांकः–एफ( )गोगुजवि / बाँस / परीक्षा / 2024–25 / 1015 दिनांक–18.10.2024

अधिसूचना 2025(वार्षिक) / 1

विश्वविद्यालय परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2024–25 के अधोलिखित कक्षाओं (वार्षिक परीक्षा पद्धति) परीक्षाओं के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र (**समस्त विद्यार्थी नियमित एवं पूर्व विद्यार्थी***) आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन करने की तिथियाँ निम्नानुसार हैं–

क. स.	पाठयक्रम का नाम	केटेगरी	आवेदन पत्र प्रारम्भ तिथि	आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि	विलम्ब शुल्क (200 रूपया) अन्तिम तिथि	विलम्ब शुल्क (500 रूपया) अन्तिम तिथि	विलम्ब शुल्क (1000 रूपया) अन्तिम तिथि
01	इन्टीग्रेटेड बीए बीएड एवं बीएससी बीएड प्रथम वर्ष	नियमित एवं पूर्व विद्यार्थी छात्र	25.10.2024	08.11.2024	15.11.2024	22.11.2024	29.11.2024
02	दो वर्षीय बीएड प्रथम वर्ष						

विशेष ध्यातव्य–:

1. समस्त नियमित, पूर्व विद्यार्थी आवेदन करने की अन्तिम तिथि के बाद आगामी तीन दिन में आवेदन पत्र मय समस्त दस्तावेज अनिवार्यतः सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करेंगे। पूर्व सत्र 2023–24 में उक्त कक्षाओं के प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण रहे विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2024–25 परीक्षा के समस्त प्रश्न–पत्रों हेतु आवेदन करेंगे।
2. आवेदन पत्र की हार्ड प्रति जमा नहीं होने की स्थिति में विद्यार्थी के परीक्षा आवेदन की आगामी प्रक्रिया प्रोसेस नही की जा सकेगी।
3. समस्त विद्यार्थी स्वयं स्तर पर ऐकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) अकाउंट बनायेंगे। इसके अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरा जाएगा।
4. **आवेदन पत्र के साथ कक्षा बारहवीं / अर्हकारी परीक्षा (स्नातक / स्नातकोत्तर कक्षा) की टीसी, चरित्र प्रमाण पत्र एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र मूल एवं स्व–सत्यापित प्रति जमा करवाना अनिवार्य है। समस्त दस्तावेज मय आवेदन पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करवाना अनिवार्य हैं।**
5. नियमित विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र में प्रवेशित महाविद्यालय में स्वयं का नाम न होने पर संबंधित महाविद्यालय से सम्पर्क करेंगे।
6. निजी महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र निजी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा संबंधित कॉलेज पैनल से भरे जाएंगे। आवेदन पत्र भरने के संबंध में समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का रहेगा।
7. विशेषः– अन्य बोर्ड एवं जीजीटीयू परिक्षैत्र के बाहर विश्वविद्यालय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी अनिवार्यतः माइग्रेशन प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।
8. किसी भी विद्यार्थी के अपात्र होने के बावजूद आवेदन पत्र भरे जाने की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय की रहेगी।

परीक्षा नियन्त्रक

परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)